दिन–मंगलवार दिनांक– 10 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी वंशीधर ब्रजवासी ने जीत दर्ज की। जनसुराज के विनायक गौतम रहे दूसरे स्थान पर।

02. राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कहा – तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन का नेता चुना जाना चाहिए।

03. मानवाधिकारों की रक्षा के संकल्प के साथ आज मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस। प्रदेशभर में आयोजित किये गए कई कार्यक्रम।

04. और, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान ठंड में और बढ़ोतरी की संभावना जताई। न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की हो सकती है गिरावट।

———————————————————

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी वंशीधर ब्रजवासी ने जीत दर्ज की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जनसुराज के विनायक गौतम को ग्यारह हजार से अधिक मतों के अंतर से पराजित किया। जदयू के देवेश चंद्र ठाकुर के लोकसभा सांसद चुने जाने के बाद इस सीट के लिए उपचुनाव कराया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि वंशीधर ब्रजवासी ने पहले चक्र से अंतिम चक्र की गिनती तक बढ़त बनाए रखी।

———रिपोर्ट———

तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के परिणाम से विभिन्न राजनीतिक दल सकते में हैं। नियोजित शिक्षक से बर्खास्त वंशीधर ब्रजवासी की जीत ने एनडीए और महागठबंधन के नेताओं को यह सोचने पर मजबूर किया है कि आखिर उनसे चूक कहा हुई। पिछले चार चुनावों से इस सीट पर जदयू का कब्जा था। लेकिन इस बार के चुनाव में पार्टी के अभिषेक चौथे स्थान पर रहे। दूसरे स्थान पर जनसुराज के विनायक गौतम और तीसरे स्थान पर राजद के गोपी किशन रहे। पहली वरीयता की मतों की गिनती में परिणाम नहीं आने के बाद दूसरी वरीयता के मतों की गिनती हुई। दोनों ही वरीयता क्रम में वंशीधर ब्रजवासी ने बढ़त बनाए रखी। अपनी जीत के बाद वंशीधर ब्रजवासी ने सभी मतदाताओं को धन्यवाद दिया।

———बाईट——वंशीधर ब्रजवासी——

हालांकि विधान परिषद के स्नातक, शिक्षक या स्थानीय क्षेत्र प्राधिकार के परिणाम सरकार पर सीधा असर नहीं डालते हैं, लेकिन बहुत हद तक यह परिणाम राजनीतिक समीकरणों के प्रति वर्ग विशेष के रूझान को दर्शाता है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुजफ्फरपुर से कौशल किशोर कौशिक।

———————————————————

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कहा है कि तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन का नेता चुना जाना चाहिए। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री प्रसाद ने कहा कि इस मुद्दे पर कांग्रेस के विरोध का कोई मतलब नहीं है।

———बाईट———

इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी समेत इंडिया ब्लॉक के किसी भी वरिष्ठ नेता के गठबंधन का नेतृत्व करने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इस पर फैसला आम सहमति से होना चाहिए। इस बीच, बिहार कांग्रेस प्रभारी शाहनवाज आलम ने कहा कि हर किसी महत्वाकांक्षा होती है, लेकिन उस पर नियंत्रण होना चाहिए। खगड़िया में पत्रकारों से बातचीत में श्री आलम ने कहा कि कांग्रेस अखिल भारतीय पार्टी है। उन्होंने कहा कि आज भी देश के हर हिस्से में कांग्रेस अस्तित्व में है।

———————————————————————————

आज मानवाधिकार दिवस है। प्रतिवर्ष दस दिसंबर को मानवाधिकारों के संबंध में सार्वभौम घोषणा की याद में यह दिवस मनाया जाता है।

———बाईट———

संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने 1948 में मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा पारित की थी और इसे लागू किया था। इसे समूचे विश्व में मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए साझा मानक के रूप में अपनाया गया। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस का विषय है– हमारे अधिकार, हमारा भविष्य। यह विषय इस बात पर ज़ोर डालता है कि मानवाधिकार महज एक आकांक्षा नहीं है, बल्कि बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए व्यक्तियों और समुदायों को सशक्त बनाने का व्यावहारिक साधन है। चिराग की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मनोज।

इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संबोधित किया। उन्होंने सभी के अधिकारों और गरिमा की सुरक्षा करने वाले समान डिजिटल वातावरण को सुनिश्चित करने के महत्व पर बल दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नई चुनौतियां हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने गरीबी और भूखमरी को समाप्त करने तथा युवाओ को समान अवसर प्रदान करने के लिए नीतियां लागू कर के दुनिया के सामने उदाहरण पेश किया है।

———बाईट———

हमें प्रत्येक व्यक्ति के मौलिक अधिकारों को बनाए रखना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पीछे ना छूटे एक साथ निरंतर एकजुटता के माध्यम से हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं जिसमें हर व्यक्ति उम्र, प्रष्ठभूमि या परिस्थिति की चिंता किए बिना समान अवसर और पूर्णता का जीवन जीने के लिए स्वतंत्र है।

मानवाधिकार दिवस पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। राज्य के सभी कारागारों में बंदियों के मानवाधिकार के प्रति विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही सभी जिला मुख्यालयों में बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मानवाधिकार के प्रति जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। एसएसबी की ओर से सुपौल के वीरपुर में मानवाधिकार जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया।

————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण—नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति बी. आर. गवई ने कहा है कि उनकी प्राथमिकता देश के दूरदराज के हिस्सों में कानूनी सेवाओं को सुलभ बनाना है, जिससे प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को मुफ्त कानूनी सहायता का लाभ मिल सके।

———बाईट———

नालसा की जो व्यवस्था वह व्यवस्था इस देश के दूर—दराज इलाकों में जहां लोगों को एक्सेसिबिलिटी कम है जैसे टार्जन ...... एरियाज है, लडाका एरिया है, अंडमान निकोबार है, लक्षद्वीप है। वहां पर जरूर मंजूर है जो मेन लाइन से दूर रहते हैं जो देश की मुख्य प्रभाव में आने को तकलीफ होती है ऐसे लोगों को कानूनी सहायता मिली जाए और उसी के साथ—साथ जो कमजोर वर्ग हैं उन तक भी कानूनी सहायता पहुंचनी चाहिए। नालसा सही ढंग से भारत के हर नागरिक को न्याय देने की कोशिश करेगा।

श्री गवई ने बताया कि इस वर्ष तीन राष्ट्रीय लोक अदालतों के आयोजन से सात करोड़ सत्तर लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया गया है।

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने कहा है कि सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में चार लाख तिरासी हजार अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने बताया कि परीक्षा के लिए राज्यभर में नौ सौ पच्चीस केंद्र बनाए गये हैं। इन केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

———बाईट———

आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि परीक्षा में छात्रों को एक ही प्रकार का प्रश्नपत्र मिलेगा।

———बाईट———

श्री परमार रवि मनुभाई ने कहा कि परीक्षा को लेकर अफवाह फैलानों वालों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

————————————————————————

स्मार्ट इंडिया हेकाथॉन – एस आई एच दो हजार चौबीस के सातवें संस्करण का ग्रैंड फिनाले कल देशभर के इक्यावन केंद्रों पर शुरू होगा। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान इस कार्यक्रम का वर्चुअल उद्‌घाटन करेंगे। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट——— .

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए ग्रैंड फिनाले में युवा नवोन्मेषकों के साथ बातचीत करेंगे और सभा को संबोधित करेंगे। इस ग्रैंड फिनाले में 13 सौ से अधिक विद्यार्थी टीम भागीदारी करेगी। स्मार्ट इंडिया हेकाथॉन हमारे दैनिक जीवन में आने वाली कुछ कठिन समस्याओं का समाधान करने का एक मंच विद्यार्थियों को प्रदान करने संबंधी एक राष्ट्रव्यापी पहल है। इस तरह उत्पाद नवाचार की संस्कृति और समस्या सुलझाने की मनोदशा विकसित की जा सकती है। इस वर्ष 54 मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों और उद्योगों ने 250 से अधिक समस्या संबंधी वक्तव्य जमा कराए हैं। इस राष्ट्रव्यापी प्रतिस्पर्धा के लिए संस्थान स्तर पर एसआईएच 2024 में 86 हजार से अधिक टीम ने भागीदारी की है। इन संस्थानों द्वारा लगभग 49 हजार विद्यार्थी टीम की अनुशंसाएं की गई हैं। चिराग की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से अभिषेक कपिल।

————————————————————————

केंद्र सरकार ने दरभंगा में अमृत सरोवर सहित मनरेगा की सभी योजनाओं की जांच करवाने का फैसला किया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने दरभंगा के सांसद गोपालजी ठाकुर द्वारा लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना समाहरणालय के नए भवन का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और भवन निर्माण विभाग के मंत्री जयंत राज भी उपस्थित थे। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस भवन में उनतालीस विभागों के कार्यालय एक साथ काम करेंगे। समाहरणालय भवन में चार सौ से अधिक वाहनों की पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से भवन परिसर में दो सौ पच्चीस सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

————————————————————————

पछुआ हवा की रफ्तार तेज होने से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की और गिरावट होने की संभावना है। वहीं, कल सुबह राज्य के उत्तर–पूर्वी और उत्तर–मध्य भागों में घना कोहरा छाया रहेगा। राज्य के शेष हिस्सों में मध्यम स्तर का कुहासा छाये रहने की संभावना है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ दशमलव छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान चौदह दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————

पटना के फुलवारीशरीफ में एक तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने पटना—खगौल मुख्य मार्ग को जाम कर प्रदर्शन किया।

———————————————————————————

अरवल जिले के बनिया बिगहा गांव के पास एक ट्रक की चपेट में आने से ऑटो रिक्शा सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तेरह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के अलग—अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

———————————————————————————

बेतिया की पॉक्सो अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी रूपेश गिरी को बीस वर्ष कठोर कारावास और पच्चीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————————

औरंगाबाद में पिछले दिनों एक पूर्व पैक्स अध्यक्ष की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी वंशीधर ब्रजवासी ने जीत दर्ज की। जनसुराज के विनायक गौतम रहे दूसरे स्थान पर।

02. राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कहा – तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन का नेता चुना जाना चाहिए।

03. मानवाधिकारों की रक्षा के संकल्प के साथ आज मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस। प्रदेशभर में आयोजित किये गए कई कार्यक्रम।

04. और, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान ठंड में और बढ़ोतरी की संभावना जताई। न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की हो सकती है गिरावट।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।